हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 4 जुलाई 2025

06 प्लानिंग एरिया को बढ़ाना औचित्य नहीं बायपास...

07 प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के विरुद्ध दर्ज झूठी ...




### मुहिम चला कर यातायात व्यवस्था को सुचारू व जाम मुक्त किया जाए
# नगर की बदहाल यातायात व्यवस्था के चलते लगे जाम में फंसे कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर की बदहाल यातायात व्यवस्था के चलते जाम लगना आम बात है। ‘हरिभूमि’ द्वारा कई बार इस संबंध में समाचारों का प्रकाशन किया लेकिन आज तक प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए कोई कदम नही उठाया। गुरुवार को इसी बदहाल यातायात व्यवस्था के चलते लगे जाम में जिले के प्रशासनिक प्रमुख कलेक्टर स्वयं फसे रहे।



देखना होगा कि क्या अब प्रशासन कोई कदम उठाता है अथवा नही। गुरुवार दोपहर मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शन उपरांत आगर की ओर जा रहे कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह नगर के मां बगलामुखी मंदिर मार्ग से शिवाजी चौराहा सरदार पटेल चौराहा से शासकीय अस्पताल तक लगे जाम में फस गए। जाम में से कलेक्टर के वाहन को निकालने के लिए तहसीलदार स्वयं सड़क पर उतरकर मशक्कत करते दिखाई दिए। यह जाम दोपहर 2 बजे से लगा जोकि लगभग एक घंटे तक लगा रहा। इस दौरान वाहन रेंगते दिखाई दे रहे थे।

### सड़कों पर वाहन खड़े करना व अतिक्रमण प्रमुख कारण

नगर के शासकीय अस्पताल से मां बगलामुखी मंदिर चौराहे तक सड़क के दोनों किनारों पर खड़े होने वाले वाहन जाम का प्रमुख कारण माना जा सकता है। इसके साथ ही उक्त मार्ग पर दुकानदारों द्वारा शेड लगाकर अथवा अपनी सामग्री रखकर किये जाने वाला अतिक्रमण भी इसका कारण हो सकता है। सरदार पटेल चौराहे व शिवाजी चौराहे के समीप सड़क किनारों तक लग चुकी फल फ्रूट की दुकानें यातायात को बिगाड़ रही है। स्कूल वाहन जोकि स्कूलों की छुट्टी होने के बाद नगर में जहाँ इच्छा हो वहाँ बीच सड़क पर वाहन रोककर बच्चों को उतारते है ऐसे में उनके पीछे वाहनों की कतार लग जाती है। जाम लगने का यह कारण भी प्रमुख हो सकता है। अब जबकि विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर प्रतिदिन आने वाले सैकड़ो वाहनों के चलते नगर में यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है ऐसे में प्रशासन द्वारा नगर पंचायत, पुलिस विभाग, यातायात विभाग व राजस्व विभाग के साथ मिलकर सख्त निर्णय लेकर नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारू व जाम मुक्त किया जाना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### आशीष शर्मा उपाध्यक्ष मनोनीत किए गए

**नलखेड़ा।** राष्ट्रीय लोक अधिकार संघ द्वारा नगर के आशीष शर्मा को उपाध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक छत्तीसगढ़, मप्र के लिए मनोनयन किया है। राष्ट्रीय लोक अधिकार मंच के अध्यक्ष संपत लाल लड्ढा ने नगर के आशीष शर्मा पिता विष्णु शर्मा का उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन किया गया। श्री शर्मा छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश में लोक अधिकार मंच की प्रदेश इकाई की कार्यकारिणी का गठन कर लोक अधिकार मंच को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उनके इस मनोनयन पर इष्ट मित्रों तथा शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की।



### परामर्शदात्री समिति की बैठक 14 को की जाएगी आयोजित

**सीहोर।** जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 14 जुलाई को सायं 4.00 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जावेगी। बैठक में कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किये गये कर्मचारी हित की मांग/एजेण्डा/विषयों पर चर्चा की जावेगी।

### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को 4 को मुख्यमंत्री वितरित करेंगे लैपटॉप

**सीहोर।** प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 4 जुलाई को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में लैपटॉप वितरित करेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिये उनके बैंक खाते में अंतरित करेंगे।

### सिविल सेवा परीक्षा की निशुल्क कोचिंग के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

**सीहोर।** आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा द्वारा सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं के लिए यूपीएससी एवं एमपीपीएससी की निःशुल्क कोचिंग क्लासेस संचालित की जा रही है। कोचिंग के संयुक्त संचालक रामलखन मीणा ने बताया कि निःशुल्क कोचिंग क्लासेस के नवीन बेच के लिए सीहोर बस स्टैंड स्थित नगरपालिका के लाइब्रेरी हाल पर प्रातः 08 बजे से 10 बजे तक रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं। मोबाइल नंबर 9630226814, 8225060993 पर संपर्क करें।

### पीतांबरा सिद्ध पीठ बगलामुखी मंदिर पर..
# गुप्त नवरात्रि में आम भक्तों के संग वीआईपी दस्तक भी जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्रि पर आम भक्तों के साथ ही जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों का आना लगातार जारी है। पर्व के दौरान माता रानी का प्रतिदिन विभिन्न रंगों की चुनर से मनमोहक श्रृंगार किया जा रहा है। आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्रि के आठवें दिन गुरुवार को प्रसिद्ध तांत्रिक स्थली मां बगलामुखी मंदिर पर बड़ी संख्या में दर्शनार्थी पहुंचे। जहाँ उनके द्वारा माता रानी के दर्शन लाभ प्राप्त किये। इस दौरान कई भक्तों द्वारा मंदिर परिसर में स्थित यज्ञशाला में हवन अनुष्ठान भी किया। गुरुवार को आगर जिला कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने भी माता रानी के दर्शन लाभ प्राप्त किये।



बुधवार को भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे ने सिद्धपीठ पर पहुंचकर माता रानी के दर्शन कर हवन अनुष्ठान भी किया। वही बुधवार रात्रि को ही भाजयुमो के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक अभिलाष पांडे ने भी सिद्धपीठ पहुंचकर माता रानी के दर्शन लाभ प्राप्त किये। दोनों नेता दर्शन उपरांत सिद्धपीठ के समीप स्थित श्री सांदीपेंद्र आश्रम भी गए जहाँ उन्होंने अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री स्वामी सांदीपेंद्र गिरि जी महाराज ( पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी) से शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सरोज पांडे के सिद्धपीठ पहुंचने पर भाजपा नेताओं द्वारा स्वागत किया गया वही अभिलाष पांडे का स्वागत युवा मोर्चा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। गुरुवार को माता मंदिर पर बड़ी संख्या में भक्तगण पहुंचे जिसके चलते मंदिर गर्भ गृह के बाहर तथा सिंह द्वार से हनुमान मंदिर तक भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई थी। पर्व के दौरान माता रानी का पुजारी परिवार द्वारा प्रतिदिन विभिन्न रंगों की चुनर से मनमोहक श्रृंगार किया जा रहा है। श्रृंगार देखकर भक्त धन्य महसूस कर रहे हैं।



# एंबुलेंस से करते थे बिजली तार चोरी, 3 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, दो की तलाश तेज
### आरोपियों के कब्जे से 4 लाख रुपए का 11 क्विंटल तार व टबेरा कार जब्त की

**इछावर।** बुधवार को इछावर थाना पुलिस द्वारा बिजली तार चोरी करने वाली गेंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने नगर एवं आसपास क्षेत्र में बिजली तार चोरी करने वाले तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार किया है, जबकि दो आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1100 किलो (11 क्विंटल) बिजली तार जब्त किया है। जब्त तार की कीमत करीब 4 लाख रुपए बताई जा रही है। इसके साथ ही घटना में प्रयुक्त एक टवेरा एंबुलेंस गाड़ी भी जप्त की गई है ।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत 8 जनवरी को लसूडिया कांगर , 24 अप्रैल को दुर्गपुरा व नरिसंहखेडा के बीच एवं 05 जून को ब्रिजिशनगर से आरोपियों द्वारा बिजली के तार चोरी की गई थी। आरोपी रात के समय ग्रामीण क्षेत्रों में सूने खेतों के पास से बिजली खंभे के बिजली तार की चोरी करते थे । चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए सीहोर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा बिजली तार चोरी की घटनाओं को अंजाम देने बाले अज्ञात आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए ।

निर्देशों के पालन में अति. पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत व



एसडीओपी विजय अंभोरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी इछावर निरीक्षक पंकज वाडेकर द्वारा टीम गठित की गई थी । गठित पुलिस टीम द्वारा तकनीकी सहायता के माध्यम से अज्ञात आरोपीगणों की पहचान की गई । इस दौरान 1 जुलाई को तकनीकी आधार पर आरोपीगणो को भोपाल से हिरासत में लिया गया जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपराध स्वीकार करते हुये घटना में प्रयुक्त एक टवेरा एंबुलेंश क्रमांक MP04 DB1105 एवं करीबन 1100 किलो (11 क्विंटल) कीमती करीबन 4,00000 रुपये चोरी गये तार जप्त किये गये। आरोपियो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। प्रकरण में दो अन्य आरोपी फरार है जिनकी तलाश जारी है।

**अपराध का तरीका :** आरोपियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो में सूने खेतो के आसपास रेकी की जाती थी एवं रात के समय बिजली तारो को काट कर एंबूलेंश में रखकर ले जाते थे।

**यह है आरोपी :** परवेज कुरेशी पिता कंछेदी कुरेशी उम्र 35 साल निवासी वार्ड नंबर 21 अयोध्या बस्ती सिरोंज हाल ऐशबाग भोपाल, सतीश ठाकुर पिता रतनलाल ठाकुर उम्र 50 साल निवासी टीबी अस्पताल क्वाटर्स भोपाल , मोहम्मद सुल्तान पिता अब्दुल हमीद उम्र 22 साल निवासी न्यू कबाड़खाना भोपाल के रूप में पहचान की गई है।

इस संबध में थाना प्रभारी पंकज वाडेकर ने बताया कि बिजली चोरी करने के 3 आरोपियों को गिरफतार कर लिया गया है , साथ ही इनके 2 अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। इनके कब्जे से बड़ी मात्रा में चोरी का बिजली तार एवं घटना में प्रयुक्त टबेरा एम्बुलेंस गाड़ी जब्त की गई है।

### भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल को दी बधाई माता मंदिर आने का दिया आमंत्रण



**नलखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को भाजपा प्रदेश प्रतिनिधि दिलीप सकलेचा द्वारा प्रदेशाध्यक्ष बनने पर बधाई दी गई। बुधवार को भोपाल में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के रूप में हेमंत खंडेलवाल के नाम की औपचारिक घोषणा के बाद श्री सकलेचा द्वारा उनसे मिलकर बधाई दी गई। इसके साथ ही श्री खंडेलवाल को मां बगलामुखी के दर्शन हेतु आमंत्रण भी दिया गया। इस दौरान पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री माखनसिंह चौहान भी उपस्थित थे।

# आगर जिले में मेकेन कंपनी करेगी 1000 करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट
### कंपनी के पदाधिकारियो की कलेक्टर के साथ हुई मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मेकेन फूड इंडस्ट्रीज कम्पनी आगर-मालवा जिले में 1000 करोड़ का इन्वेस्टमेंट करेगी। कंपनी के पदाधिकारी की बुधवार को कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के साथ कलेक्टर सभा कक्ष में मीटिंग संपन्न हुई। कलेक्टर ने कंपनी के पदाधिकारियों को जिले की भौगोलिक स्थिति, और औद्योगिक संभावनाओ की जानकारी दी तथा शासन स्तर से हर संभव सुविधाएं मुहैया करवाने हेतु आश्वस्त किया। एमपीआईडीसी के ईडी राजेश राठौर



ने जमीन तथा फैसिलिटी के बारे में अवगत करवाया। इसके पश्चात कंपनी के सीईओ एवं टीम द्वारा साइट विजिट कर जिले में इंवेस्टमेंट का आश्वासन दिया। सीईओ जिला पंचायत नंदा भलावे कुशरे, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम आगर मिलिंद ढोके, राजेश अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

### 15 से अधिक स्मार्ट मीटरों को तोड़ा
# नशे में धुत युवकों ने स्मार्ट मीटर ले जा रहे बिजली कर्मचारी के साथ की मारपीट

**सीहोर।** बुधवार को दशहरा वाला बाग क्षेत्र में बिजली वितरण कंपनी का एक कर्मचारी मीटर लेकर जा रहा था। तभी कुछ असामाजिक तत्व सड़क किनारे शराब के नशे में बैठे हुए थे। गाड़ी पार्क करने के बाद जब वाहन चालक विक्रम वर्मा पिता अनोखीलाल वर्मा उम्र 35 साल निवासी धबोटी जब युवकों से हटने के लिए बोला तो नशे में धुत युवकों ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद गाड़ी में रखे स्मार्ट मीटरों को एक के बाद एक तोड़ना शुरू कर दिया। इस दौरान करीब 15 मीटरों को राकेश भारती सहित अन्य दो लोगों ने तोड़ दिए। पुलिस ने राकेश भारती सहित अन्य दो लोगों पर मामला दर्ज कर लिया है।

**स्मार्ट मीटर हटाने के लिए सौंपा था ज्ञापन:** स्मार्ट मीटरों में गड़बड़ी की शिकायतें लगातार सामने आ



रही हैं। मंगलवार को सैकड़ों लोग कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे और स्मार्ट मीटर को लेकर ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि स्मार्ट मीटर हटाए नहीं गए तो विरोध तेज किया जाएगा। बिना निगरानी चल रहा मीटर लगाने का काम स्थानीय लोगों ने यह भी कहा कि जहां स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, वहां बिजली वितरण कंपनी के कोई जिम्मेदार अधिकारी निगरानी नहीं कर रहे हैं। कई प्रभावशाली लोगों के यहां मीटर नहीं लगाए गए हैं, जिससे लोगों का गुस्सा और बढ़ गया है।

### जैन आराधना भवन में प्रवचन की श्रृंखला हुई प्रारंभ, अनेक श्रद्धालु रहे उपस्थित
# धर्म के बिना पुण्य की इमारत खड़ी नहीं होगी: साध्वी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मानव भव मिलना बड़ा ही दुर्लभ है, उस पर अमूल्य परमात्मा का शासन हमें मिला है। चातुर्मास में हमें धर्म आराधना-साधना, त्याग-तपस्या कर आत्म कल्याण का मार्ग प्रशशत करना चाहिए। पापों की आलोचना के लिए प्रतिक्रमण औषधि का कार्य करती है। संसार से विदा होने के पूर्व हमें पुण्य की झोली को सद् कार्य, पुण्य कार्य से भरकर जाना है, खाली हाथ नहीं जाना। इसके लिए धर्म हमारी नींव है, बिना धर्म के जीवन में पुण्य की इमारत खड़ी नहीं हो सकती है।

जैन आराधना भवन में 3 जुलाई गुरुवार से प्रवचन की श्रृंखला प्रारंभ करते हुए परम पूज्य विचक्षण ज्योति, प्रज्ञा भारती, महामांगलिक प्रदात्री, प्रवर्तिनी महोदया ,श्री चंद्रप्रभा श्री जी म. सा. की विदुषी सुशिष्या प्रवचन प्रवीणा परम पूज्य रत्ननिधि म.सा. ने उपस्थित समाज जनों के समक्ष यहां बात कहीं। साध्वी श्री ने कहा हम व्यापार- धंधा करते हैं तो उसका पूरा लेखा-जोखा हम रखते हैं। लेकिन जीवन में हमने क्या खोया



क्या पाया इसका लेखा जोखा कभी हमने किया है, कभी चिंतन किया है कि हमने इस आत्मा के कल्याण के लिए कितनी धर्म आराधना, साधना, त्याग, तपस्या की है। चातुर्मास हमें धर्म आराधना करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यदि जीवन में किए गए पापों का हमने प्रायश्चित नहीं किया तो हमारे पाप कर्म के बंधन सघन हो जाएगे। पापों का लेखा जोखा कर हमें प्रतिक्रमण कर आलोचना लेना चाहिए। क्योंकि पापों की आलोचना के लिए प्रतिक्रमण औषधि का कार्य करता है।

#### दादा गुरुदेव महापूजन 6 को होगा

जैन आराधना भवन में साध्वी श्री के प्रवचन प्रतिदिन प्रात 9:30 से 10:30 बजे तक चलेंगे। 6 जुलाई रविवार को प्रथम दादा गुरूदेव श्री जिनदत्तसुरिश्वरजी की 871 पुण्यतिथि के पुनित अवसर पर जैन समाज में प्रथम बार 71 जोड़े के साथ दादा गुरुदेव महापूजन का भव्यातिभव्य आयोजन महाराज साहब के सानिध्य में होगा। रविवार को ही सांय 7:30 बजे गुदरावन मार्ग स्थित श्री जिनकुशलसुरि दादावाड़ी में आरती और इकतीसा पाठ होगा जिसमें 7 लक्की ड्रा रहेंगे।

साध्वी श्री ने कहा कि मानव जन्म मिलने के साथ ही अमूल्य परमात्मा का शासन हमें मिला है। देव,गुरु की बदौलत हमें इस जीवन में सब कुछ मिला है। पुण्य की पूंजी को वर्तमान में संसार से विदा होने के पूर्व पुण्य कार्य, सद् कार्य से पुण्य की झोली को भरकर परमात्मा के यहां जाना है खाली हाथ नहीं जाना। उन्होंने कहा कि देव, गुरु, धर्म की आराधना कर हम सत्य को समझे। पूर्व जन्मों के पुण्य से ही हमें इस जन्म में सभी सुविधाएं मिल रही है लेकिन इस जन्म में हम सद्कार्य, पुण्य कार्य नहीं करेंगे तो अगले भव में हमारा जन्म किस योनि में होगा यह कह पाना असंभव है। साध्वी श्री ने कहा कि जीवन में कभी भी अच्छे कार्य को कल पर मत टालना चाहिए। पाप कर्म को कल पर छोड़ देना चाहिए। पुण्य एवं पाप कर्म के कार्यों का चिंतन कर जीवन को सार्थक करें। क्योंकि जीवन में देव,गुरु, धर्म का योग बार-बार मिलने वाला नहीं है। साध्वी श्री ने कहा कि बिना पुण्य के धन की प्राप्ति नहीं हो सकती है। परिश्रम करने के बाद भी मजदूरों को निर्धारित राशि ही मजदूरी के रूप में मिलती है। धर्म हमारी नींव है, बिना धर्म के जीवन में पुण्य का संचय नहीं हो सकता। महापुरुषों के जीवन चरित्र से हमें भी अपने जीवन चरित्र का निर्माण करना चाहिए। ताकि दुनिया से जाने के बाद भी लोग हमें किए गए सद् कार्यों के लिए याद करें।

**खबर संक्षेप**

## अवैध नोटरी करने पर प्रशासन ने की कार्रवाई

**देवास।** शहर के सूरज वाटिका कैंपस में संचालित ऑफिस में अवैध नोटरी करने पर प्रशासन ने कार्रवाई की। कार्रवाई में डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा और तहसीलदार सपना शर्मा मौजूद रहे। कार्रवाई के दौरान निरीक्षण करने पर अवैध व्यक्ति द्वारा नोटरी होना पाया गया। इस दौरान नोटरी दस्तावेज और रजिस्टर चेक किए गए। डिप्टी कलेक्टर शर्मा ने बताया कि मोहित कुमरे द्वारा नोटरी का कार्य किया जा रहा था। उनके पास नोटरी से संबंधित कोई रजिस्ट्रेशन या लायसेंस नहीं पाया गया। कई नोटरी एडवोकेट की सील मिली हैं। कार्रवाई करते हुए ऑफिस को सील किया गया हैं।

## पेट्रोल पंपों की जांच के लिए दल का गठन किया

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जिले के पेट्रोल पंपों के भूमिगत टैंकों में पानी की उपस्थिति की रोकथाम एवं उपभोक्ताओं को नोजल से प्रदाय किये जा रहे उत्पाद की गुणवत्ता तथा पेट्रोल पंपों पर आवश्यक नागरिक सुविधाओं निःशुल्क हवा, पेयजल, महिला एवं पुरुष के लिये पृथक-पृथक शौचालय तथा पेट्रोल पंप के शौचालयों की सफाई व्यवस्था की जाँच के लिए दल का गठन किया है। जांच दल में संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), संबंधित अनुभाग के तहसीलदार, संबंधित अनुभाग के सहायक आपूर्ति अधिकारी, संबंधित अनुभाग के नापतौल निरीक्षक और सेल्स ऑफिसर को शामिल किया गया है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने निर्देश दिये है कि जांच दल अपने प्रभार क्षेत्र अंतर्गत पेट्रोल पम्पों की जांच करें और जांच प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करें।समस्त पेट्रोल/डीजल पम्प संचालको को निर्देशित किया गया है कि, प्रतिदिन भूमिगत टैंको में उपलब्ध पेट्रोल/डीजल में पानी के उपस्थित होने की जाँच कर पंजी संधारित करेंगे एवं साप्ताहिक रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे।

### देवास विकास योजना के संबंध में जिला समिति की बैठक आयोजित

# प्लानिंग एरिया को बढ़ाना औचित्य नहीं बायपास एरिया को आवासीय किया जाए

### जिला समिति की बैठक में देवास के विकास से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों एवं भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



देवास विकास योजना 2041 (प्रारूप) तैयार करने के संबंध में जिला समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में देवास विधायक गायत्री राजे पवार, हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी, कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह, रायसिंह सेंधव सहित, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा, डिप्टी डायरेक्टर टीएनसीपी अनिता कुरोठे सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं समिति के सदस्यगण उपस्थित थे। देवास विकास योजना की जिला समिति की बैठक में देवास विकास से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में देवास में प्रस्तावित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई और भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। समिति के सदस्यों से देवास विकास योजना के संबंध में आपत्ति और सुझाव सोमवार तक मांगे गये है, जिसपर सुनवाई कर विकास योजना मंजूरी के लिए राज्य शासन को प्रेषित की जायेगी। बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गये, ताकि वे विकास योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकें। बैठक में भविष्य की विकास योजनाओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गये। देवास विकास योजना 2041 देवास शहर के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। जिससे देवास शहर के विकास को गति मिलेगी और नागरिकों के जीवन में सुधार होगा। देवास शहर में कहां-कहां पर विकास कार्य होना है, इस संबंध में बैठक में डिप्टी डायरेक्टर टीएनसीपी श्रीमती अनिता कुरोठे द्वारा जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि देवास विकास योजना 2041 में वर्धित निवेश क्षेत्र में कुल 32 गांव सम्मिलित है। उन्होंने देवास विकास योजना 2041 में प्रस्तावित कार्यो के सबंध में सभी समिति सदस्यों को विस्तार से अवगत कराया और समिति सदस्यों से आपत्ति और सुझाव मांगे, जिनका निराकरण कर राज्य शासन को विकास योजना मंजूरी के लिए भेजी जा सकें।विधायक गायत्री राजे पवार ने कहा कि बैठक में हमने कुछ सुझाव दिए हैं, जिसे भोपाल भेजा जाएगा। उम्मीद है कि कुछ ही महीनों में सुझावों में अमल हो होगा। प्लानिंग एरिया पहले नौ हजार था उसे तेबीस हजार कर दिया गया है, जिसे ढाई गुना बढ़ाना औचित्य नहीं हैं।बायपास के आसपास के एरिए को आवासीय किया जाए क्योंकि आप ग्रीन बेल्ट रखते है तो डेवलपमेंट कैसे होगा।

# थाना सतवास पुलिस ने किया मोबाइल टावर पर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

### रात में सूने टावरों में करते थे चोरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

23 जून को थाने पर सूचना प्राप्त हुई की ग्राम खिरोदा में लगें मोबाइल टावर पर 17 जून से 23 जून के बीच टावर में लगी 24 बैटरियों को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया है। रिपोर्ट पर थाना सतवास पर अपराध क्रमांक 255/2025 धारा 331 (4), 305(A)BNS 2023 का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के द्वारा आरोपियो की जल्द गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया।

जिस पर प्रभारी सतवास बी.डी.बीरा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई । टीम द्वारा पांगरी फाटे पर सघन चैकिंग लगाई गई। चैकिंग के दौरान पांगरी फाटे पर एक सफेद रंग की संदिग्ध कार दिखी जिसमे सवार व्यक्तियों से पूछताछ करते अपना नाम अफजल और साथ मे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम सुखराम होना बताया। इस दौरान वाहन तलाशी लेने पर उक्त वाहन मे 12 नग बेटरी रखी मिली, जिसके बारे मे सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा बैटरियां ग्राम खिरोदा टावर से चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गई 24 बैटरियां कुल कीमत 02 लाख रुपये एवं घटना मे प्रयुक्त चार पहिया वाहन कीमती 04 लाख रुपये कुल मश्रुका 06 लाख रुपये का जप्त कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस ने आरोपी अफजल पिता हन्नू खान उम्र 27 साल निवासी कुलहरदा जिला हरदा औरसुखराम पिता सदाराम मालवीय उम्र 29 साल निवासी ग्राम मांदला जिला हरदा हाल.मुकाम खातेगांव को गिरफ्तार किया।उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी सतवास बीडी बीरा, उनि विजय जाट,प्रआर गणेश रावत,आर राजेन्द्र राजपुत, अनिल भाभर, दिव्य राठौर, लोकेन्द्र, सैनिक खुबीराम गुर्जर एवं सायबर सेल से प्रआर शिवप्रताप सिंह सेंगर,सचिन चौहान की सराहनीय भूमिका रही।

# कृषि विभाग के दल ने सोयाबीन फसल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कृषि विभाग के दल ने टोंकखुर्द विकासखण्ड के ग्राम कनेरिया, नाईखेडी, नांदेल एवं नावदा ग्राम में खेतों में बाई गई सोयाबीन फसल का निरीक्षण किया। टीम में उप संचालक कृषि गोपेश पाठक, अनुविभागीय कृषि अधिकारी राजेन्द्र द्विवेदी, सहायक संचालक कृषि विलास पाटिल एवं प्रभारी व.कृ.वि.अ. भारतसिंह सोलंकी शामिल थे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सोयाबीन फसल का अंकुरण अच्छा हुआ है एवं फसल की बडवार अच्छी है। टीम द्वारा कृषकों को उचित खरपतवार नियंत्रण के लिए अपनी सुविधा अनुसार बोनी के तुरंत बाद उपयोगी अनुशंसित खरपतवार नाशकों का छिडकाव संबंधी सलाह दी। पाठक ने बताया कि बोनी के तुरंत बाद डायक्लोसुलम 0.9 प्रतिशत+ पेण्डीमिथालीन 35 प्रतिशत एसी (22.5+875 ai/ha) 2.5 लीटर प्रति हेक्टेयर। पेण्डीमिथालीन 30 ईसी 2.50 लीटर से 3.30 लीटर प्रति हेक्टेयर। सल्फेन्ट्राझोन+क्लोमोझोन 1.25 लीटर प्रति हेक्टेयर। बोनी के 10 से 12 दिन के बाद क्लोरीम्यूरान इथाईल 25 डब्ल्यूपी+सर्फेक्टेन्ट 36 ग्राम प्रति हेक्टेयर। बेन्टाझोन 480 एसएल 2.00 लीटर प्रति हेक्टेयर को पर्याप्त पानी में घोलकर (नेपसेक स्प्रेयर से प्रति हेक्टेयर 450 से 500 लीटर पानी में एवं पॉवर स्प्रेयर से 120 लीटर पानी प्रति हेक्टेयर) का उपयोग करें।

## मिस्त्री का शव रेलवे ट्रैक पर मिला, परिजनों ने कपड़ों से की पहचान

**देवास।** शंकरनगर निवासी 50 वर्षीय सुनील अंबोरे की बुधवार रात ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक का शव अनिल श्री नगर रेलवे ट्रैक पर मिला, जहां परिजनों ने रात में ही शिनाख्त कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुनील के बेटे आकाश ने बताया कि उनके पिता मिस्त्री का काम करते थे और बुधवार को ठेकेदार से रुपए लेने के लिए घर से निकले थे। पुलिस टीम रात को घर पहुंची, जिसके बाद वह घटनास्थल गए और कपड़ों के आधार पर शव की पहचान की गई। गुरुवार को जिला अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जिला अस्पताल में डिलीवरी के बाद महिला की मौत, पति ने लगाए लापरवाही के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




जिला अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में डिलीवरी के एक दिन बाद एक महिला की अचानक मौत हो गई। वह रात में अपने पलंग से नीचे फर्श पर मृत पाई गई। महिला ने एक दिन पहले ही स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया था और उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही थी। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया हैजानकारी अनुसार सुनीता बड़ोले निवासी उदयनगर को बुधवार को उनके पति श्याम बड़ोले जिला अस्पताल लाए थे। महिला की नार्मल डिलीवरी हुई थी, यह उसकी तीसरी डिलीवरी थी। अस्पताल स्टाफ के अनुसार, डिलीवरी के बाद महिला की हालत सामान्य थी और वह अपने पलंग पर सो रही थी।गुरुवार तड़के महिला पलंग के नीचे मृत हालत में मिली। पति श्याम ने बताया कि रात 12 बजे के बाद उन्हें वार्ड से बाहर निकाल दिया गया था और दोबारा अंदर नहीं जाने दिया गया। मौत की सूचना उन्हें बाद में दी गई। जब अंदर पहुंचे तो पत्नी फर्श पर पड़ी थी। आसपास की मरीजों को भी यह नहीं पता चल पाया कि महिला कब और कैसे गिरी।पति श्याम बड़ोले ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने स्टाफ से सवाल किए तो उन्हें सिर्फ यही कहा गया कि जांच की जाएगी। उनका कहना है कि डिलीवरी के बाद पत्नी पूरी तरह स्वस्थ थी, फिर अचानक क्या हुआ, इसका जवाब नहीं मिल रहा।जिला अस्पताल के आरएमओ डॉ. अजय पटेल ने बताया कि महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। पलंग से गिरने की बात आसपास किसी को पता नहीं चली, इसलिए प्रारंभिक जांच में हार्ट के पास तरल पदार्थ जमा होने यानी कार्डियक इफ्यूजन को मौत का कारण बताया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# तबादले की गुत्थी में उलझा पूंजापुरा का बालक छात्रावास, व्यवस्थाएं हो रहीं प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



सरकार शासकीय योजनाओं में लाखों करोड़ो रूपये खर्च रही है, जिससे की मध्यम वर्ग के बच्चों को उचित शिक्षा मिल सकें, लेकिन बिगड़े सिस्टम के कारण जमीनी स्तर पर जिम्मेदारो की अनदेखी के कारण योजनाएं फेल होती नजर आ रही है।ऐसा ही मामला बागली विकास खण्ड के पुंजापुरा का सामने आया है, जहां पर तबादलें की गुत्थी में सीनियर बालक छात्रावास पुंजापुरा उलझा हुआ नजर आ रहा है,या जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से भागते नजर आ रहे हैं। सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास पूंजापुरा में चल रही अनदेखी कि शिकायत ग्रामीणों ने एसडीएम आनंद मालवीय को की थी।शिकायत के बाद जनजाति विभाग बागली के नोडल अधिकारी महेश आस्के को जांच के लिए मौके पर भेजा गया। उनके द्वारा जांच में पाया गया कि बालक छात्रावास पूंजापुरा अधीक्षक वीरेंद्र सिसोदिया 22 जून से आज दिनांक तक अनुपस्थित हैं, जबकि वर्तमान नवीन अधीक्षक लोकेंद्र मानडरे भी बुधवार को अनुपस्थित पाए गए। सीनियर बालक छात्रावास में 50 बच्चे है, जिसमें मात्र 12 बच्चे ही छात्रावास में उपस्थित थे। वही नए बच्चों की भर्ती प्रकिया चालू है। जब अधीक्षक वीरेंद्र सिसोदिया से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि मेरा स्थानांतरण देवास के शासकीय विद्यालय में हो गया है, में यहां पदस्थ हूं। नोडल अधिकारी महेश आस्के ने बताया कि हमारे द्वारा अभी अधीक्षक को कार्य मुक्त नहीं किया गया। वही वर्तमान नवीन अधीक्षक लोकेंद्र मानडरे ने बताया गया कि मेरी स्वास्थ्य ठीक नहीं हैं। वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश पर ईलाज के लिए आया हूं। नोडल अधिकारी के द्वारा मौका निरीक्षण कर पंचनामा बनाए गया। जब अधिक्षक को कार्य मुक्त नहीं किया गया है तो बिना सूचना के इतनी लंबी छुट्टी पर वह कैसे चले गए, जबकि छात्रावास में बच्चों के एडमिशन की प्रक्रिया जारी है, ऐसे में मुख्यालय पर ही रहना चाहिए।

### सामाजिक संगठन वैश्य महासम्मेलन की जिला इकाई की बैठक हुई आयोजित

# युवाओं हेतु शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ाने लिए निर्णय





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रदेश के सबसे बड़े सामाजिक संगठन वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश की देवास जिला इकाई की बैठक देवास में आयोजित की गई। बैठक के मुख्य विषय समाज का उत्थान, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और समाज की को प्रोत्साहित करना था।

जिला इकाई की बैठक मे जिलेभर के वैश्य महासम्मेलन पदाधिकारीयो ने भाग लिया। बैठक में वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण शाह के आतिथ्य में वैश्य महासम्मेलन के वार्षिक कार्यक्रम कैलेंडर के अनुसार रक्तदान शिविर, पौधारोपण कार्यक्रम, पारिवारिक पिकनिक, क्रिकेट टूर्नामेंट, सेवा दिवस , वैश्य चेतना रैली और नेत्रदान संकल्प आदि कार्यक्रमों की कार्ययोजना के साथ सदस्यता अभियान आदि पर चर्चा की गई। बैठक को वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अशोक सोमानी, प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण लाठी, गौरव खण्डेलवाल, द्वारका मंत्री, राधेश्याम सोनी ने भी सम्बोधित किया।

जिला बैठक में समाज के मुद्दों पर चर्चा कर वैश्य समाज के युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ाने हेतु योजनाएँ प्रस्तावित की गईं। छात्रों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग और कौशल विकास केंद्र स्थापित करने पर बल दिया गया। समाज में एकजुटता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न उपायों पर विचार-विमर्श हुआ।

सामाजिक और धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज को संगठित करने की योजना बनाई गई। वैश्य समाज के लिए स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु विशेष योजनाओं की शुरुआत करने का निर्णय लिया गया। समाज के लोगों के लिए स्वास्थ्य शिविर और पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर भी सहमति बनी। बैठक में मुख्य रूप से गौरव गुप्ता, रजनीश पोरवाल, सचिन अग्रवाल, भानु अग्रवाल, समीर मेहता, रुपाली गुप्ता, सुषमा गुप्ता, सतवास से पधारे नटवर बियानी, राकेश लाहोटी, हेमचंद्र गोयल, दिलीप राठी बागली से हुकम गुप्ता, मुकेश गुप्ता, प्रवीण चौधरी , सीमा गुप्ता सोनकच्छ से सुरेश मूंदड़ा ,संतोष गुप्ता, राधेश्याम गजेश्वर, टोंकखुर्द से गिरीश जैन, भोरासा से प्रहलाद झंवर प्रदीप मंत्री नितिन सारड़ा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अशोक सोमानी ने किया। आभार गौरव गुप्ता ने प्रकट किया। उक्त जानकारी वैश्य महासम्मेलन के मीडिया प्रभारी नितिन गुप्ता ने दी।

# चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार सरिया सहित वाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

पुलिस थाना बागली अंतर्गत आने वाले ग्राम जटाशंकर में विगत दिनों बदमाशों ने निमार्णाधीन भवन में के पास हुए लोहे के सरियों पर हाथ साफ किए, जिसकी शिकायत थाने पर दर्ज हुई।

शिकायत दर्ज होने के बाद थाना प्रभारी प्रदीप राय के नेतृत्व में उप निरीक्षक लोकेंद्र कुशवाहा द्वारा जांच करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गुरुवार के दिन आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अमित पिता गोपाल, रोहित पिता इंद्रसिंह निवासी जटाशंकर व्दारा सरिया चोरी किए गए थे। पुलिस ने चोरों से सरिया व एक लोडिंग बोलेरो वाहन जप्त किया है। कुशवाह ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है,ओर भी आरोपी गिरफ्तार हो सकते हैं। उक्त कार्यवाही में ज्ञानेंद्र कुमार, यशवंत आदि का सहयोग रहा है।

## खबर संक्षेप

### 685 बच्चों का किया गया टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 01 जुलाई को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 474 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 211 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 74 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।
उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

### फ्री लिमिट से ज्यादा रुपए निकालना 2 रुपए महंगा हो गया

**सीहोर** । रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने एटीएम से पैसे निकालने पर लगने वाले चार्ज बढ़ा दिए। 1 मई से फ्री लिमिट पार करने पर हर ट्रांजेक्शन पर अब 23 रुपए देने होंगे। अभी तक यह चार्ज 21 रुपए था। यानी ग्राहकों को हर ट्रांजेक्शन पर 2 रुपए ज्यादा चुकाने होंगे। अब हर ट्रांजेक्शन पर 19 रुपए इंटरचेंज चार्ज लगेगा। पहले 17 रुपए था।

### ग्रीष्मकालीन मूंग का पंजीयन 5 तक होगा

**सीहोर।** भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत ग्रीष्मकालीन मूंग का पंजीयन 05 जुलाई 2025 तक किया जायेगा। जिन किसानों ने मूंग बुवाई की है वे ई-उपार्जन पोर्टल पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। किसान अपना पंजीयन ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, एमपी ऑनलाइन, कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्रो, साइबर कैफे आदि स्थानों पर जाकर करा सकते हैं। पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, आधार लिंक मोबाईल नम्बर एवं अन्य फोटो पहचान पत्र ले जाना अनिवार्य है। सिकमी एवं वन पट्टाधारी किसान आधार कार्ड, आधार लिंक मोबाईल नम्बर, वनपट्टा एवं सिकमी अनुबंध की प्रति के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं।

#### कांग्रेसियों ने पुलिस महानिदेशक के नाम पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के विरुद्ध दर्ज झूठी एफआईआर को निरस्त करने की मांग

### जिला अध्यक्ष, पूर्व विधायक कांग्रेस पदाधिकारी के साथ कार्यकर्ता रहे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पुलिस महानिदेशक के नाम पुलिस अधीक्षक की अनुपस्थिति में एडिशनल एसपी सुनीता रावत को ज्ञापन सौंपा, श्री गुजराती ने ज्ञापन का वाचन करते हुए कि पुलिस थाना मुंगावली जिला अशोकनगर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत झूठे तथ्यों के आधार पर एफआईआर 27 जून को दर्ज की गई है जिसमें उल्लेखित किया गया है कि गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी निवासी ग्राम मुडरा थाना मुंगावली जिला अशोकनगर के साथ सरपंच के पुत्र विकास एवं उनके साथियों द्वारा दोनो लोधी भाइयों के साथ मारपीट की गई है। उनकी मोटर साईकिल छीन ली गई है। उक्त घटना के संबंध में दिनांक 25 जून को प्रदेश अध्यक्ष श्री पटवारी के ओरछा दौरा कार्यक्रम के दौरान भेंट कराई गई जिसमे आरोप लगाया गया कि पटवारी ने गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी पीडित भाइयों को यह समझाया कि यह कहना कि तुम्हें मारपीट के साथ-साथ मानव मल भी खिलाया गया है, यदि ऐसा कहोगे तब मोटर सायकिल भी दूंगा तथा परिवार का ध्यान भी रखूँगा।

उक्त घटनाक्रम के वार्तालाप को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा घटना के विवरण का वीडियो वायरल किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल कहा कि उक्त घटनाक्रम का वीडियों वायरल होने पर जिला कलेक्टर अशोकनगर द्वारा पीडित लोधी बंधुओं को तलब किया गया एवं मानव मल खिलाने की शर्मनाक घटना से उनके जिले की बदनामी रोकने के उद्देश्य से जरा धमकाकर पीडित व्यक्तियों से शपथ पत्र लिया गया जिसमें उपरोक्त घटनाक्रम के संबंध में लिखा गया जो कि पुलिस में दर्ज एफआईआर में उल्लेखित है।

पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश पटेल ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के साथ पीड़ित लोधी बंधुओं द्वारा की गई शिकायत का वीडियों बायरल होने पर जिला कलेक्टर द्वारा डरा धमका कर गलत शपथ पत्र लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शजीतू पटवारी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत अपराधी साजिश करना, धर्म जाति के आधार पर आपसी दुश्मनी को बढ़ावा देना, राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक होना, झूठे तथ्यों को सत्य के रूप में प्रस्तुत करना और सार्वजनिक उपद्रव फैलाने के लिए साजिशकर्ता मानकर एफआईआर दर्ज की गई। आश्चर्य कि बात यह है कि 25 जून को ग्राम मुहरा निवासी गजराज लोधी एवं रघुराज लोभी जिनके साथ गांव के दबंग सरपंच पुत्र द्वारा अपने साथियों के साथ मारपीट की जिसके लिए शिकायत होने पर भी उन्हें न्याय ना मिलने पर उनके द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जी से सम्पर्क स्थापित कर अपनी शिकायत दर्ज कराई गई। चूंकि श्री जीतू पटवारी राजनीतिक तौर पर विपक्षीय दल के प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते उनका एवं प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता का यह कर्तव्य है कि वह प्रदेश में हो रहे व्यक्तियों के साथ अन्याय, अत्याचार को रोकने के लिए आवाज उठाए, पीड़ितों की मदद करे उनके द्वारा ऐसा ही कर्तव्य निभाया गया है ना कि ऐसी कोई साजिश की गई जैसा कि पुलिस ने अपनी एफआईआर में उल्लेखित किया है। श्री पटवारी द्वारा वायरल किये गए वीडियों को स्पष्ट तौर पर देखा एवं सुना जा सकता है जिसमें पीडित लोधी बंधू रोते-बिलखते हुए अपनी शिकायत करा रहे है और न्याय दिलाने की गुहार कर रहे हैं ऐसे में कैसे उपरोक्त अपराध निर्मित ही गया है जिसकी एफआईआर दर्ज की गई है। मांग की गई है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी के विरुद्ध पुलिस थाना मुंगावली जिला अशोकनगर में दर्ज झूठी एफआईआर को निरस्त किया जाए। तथा प्रदेश में कानून व्यवस्था को उचित ढंग से प्रभावशील किया जाये। जिससे कि भविष्य में प्रदेश की जनता के साथ होने वाली अनाचार एवं आयाचार की घटनाओं को रोका जा सके जी कि न्यायोचित होगा। ज्ञापन सौपने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक व प्रदेश महामंत्री शैलेन्द्र पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, ओम वर्मा, राजाराम बड़े भाई, राजेंद्र वर्मा,कमल सिंह चौहान, हरपाल सिंह ठाकुर, विवेक राठौर, निशांत वर्मा, नईम नवाब, प्रीतम दयाल चौरसिया, जफरलाला, राजेश भूरा यादव, पवन राठौर, सीताराम भारती, राजीव मिश्रा, गुलाब बाई ठाकुर, रघुवीर सिंह दांगी, कलीम पठान, मनोज पटेल, घनश्याम मीणा, आशीष गहलोत, अर्जुन मेवाड़ा, बृजेश पटेल, हसीन कुरैशी, रामनारायण शर्मा, नरेन्द्र खंगराले, असरफ अली, विनीत गोयल, हरी मेवाड़ा, मनीष मेवाड़ा, लक्की सक्सेना, गजराज परमार, देवेन्द्र चौधरी, राधेश्याम गुर्जर, घनश्याम जांगड़ा, महेश मुंदीखेड़ी, नरेन्द्र कुशवाहा, भोलाराम त्यागी, दशरथ सिंह, अनिल सेन, रामनारायण पाटीदार, भंवरलाल पाटिल, गुलाब वर्मा, मांगीलाल पटेल, उदम ठाकुर, भँवरलाल ठाकुर, बनेसिंह वर्मा, जोधाराम गुर्जर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# वैवाहिक संबंध विच्छेद को लेकर न्यायालय में भिड़े दो पक्ष, जमकर हुई मारपीट

### वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों पर किया मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बुधवार को न्यायाल परिसर में पेशी पर आए 2 पक्ष आपस में भिड गए। इस दौरान महिलाओं और पुरुषों में जमकर लात घुसे चले। आष्टा न्यायालय में दोनों पक्ष आपसी वैवाहिक संबंध विच्छेद को लेकर तारीख पर पेशी करने आए थे। दोनो पक्ष बंजारे समाज से बताए जा रहे हैं। हंगामें के बाद पुलिस सभी को पकड़ ले गई थाने। मामले में एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया कि न्यायालय परिसर में बुधवार को थाना जावर के एक प्रकरण में आष्टा न्यायालय में पेशी थी। जिसमें फरियादी पक्ष और आरोपी पक्ष के बीच मारपीट का एक वीडियो आया है। जिस पर थाना आष्टा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों को आष्टा थाना तलब किया है और मामले की अनुरूप उचित धाराओं अपराध पंजीबद्ध किया जा रहा है।

### व्यवस्थित दिनचर्या स्वस्थ शरीर की निशानी: बीएमओ




**आष्टा।** इंसान का शरीर उस समय बीमारियों से घिर जाता है तब इंसान की दिनचर्या अव्यवस्थित रहती है। जिससे शरीर का संतुलन बनाए रखने में शरीर के अंगों को दुगुना कार्य करना पड़ता है। इसीलिए इंसान को व्यवस्थित दिनचर्या का पालन और व्यायाम कर अपने शरीर को स्वस्थ रखना चाहिए। उक्त बाते सिविल अस्पताल के बीएमओ अमित माथुर ने डॉक्टर्स डे पर इनरव्हील क्लब द्वारा आयोजित आयोजन में कही। इसके साथ ही डॉक्टर हीरा दलोदरिया ने बताया कि इंसान को अपनी दिनचर्या में नींद को पूर्ण समय देना चाहिए। जो व्यक्ति कम नींद लेता है उसे हार्ट अटैक का खतरा रहता है। नींद पूरी न होने से नर्वस सिस्टम डाउन रहता है ओर ठीक से कार्य न करने पर हार्ट पर असर होता है। जिससे आजकल लोगों में दिल की बीमारियां बढ़ रही है। आयोजन की शुरुआत में सर्वप्रथम भगवान गणेश के समक्ष बीएमओ डॉक्टर अमित माथुर, डॉक्टर जीडी सोनी, डॉक्टर अर्चना सोनी ने दीप प्रज्वलित किया। उसके बाद इनरव्हील क्लब की प्राथना कर प्रारंभ किया। तत्पश्चात डॉक्टर्स का उद्बोधन हुआ फिर इनरव्हील क्लब की सदस्यों ने डॉक्टर्स को सम्मानित किया। आयोजन के बाद अस्पताल परिसर में पर्यावरण को संयोजने पौधा रोपण किया। कार्यक्रम का संचालन चंदा वोहरा, आभार दीपिका सोनी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर क्लब की सदस्य चंदा वोहरा, जय वोहरा, हेमलता सोनी, सरोज पालीवाल, विद्या खंडेलवाल, डॉ अर्चना सोनी, पत्रकार किरण रांका, अर्चना सोनी, दीपिका सोनी, मंदा कासलीवाल, सुनीता सोनी, श्रद्धा पालीवाल, डॉ शाइनी अंजुम उपस्थित थी।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिविल अस्पताल में किया फल वितरण



**आष्टा।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्यसभा सांसद भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति व केंद्रीय बोर्ड सदस्य डॉक्टर के लक्ष्मण के जन्मदिन के उपलक्ष पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी पांचम के नेतृत्व में स्थानीय सिविल अस्पताल में मरीज को फल वितरण किया गया। इस अवसर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजीव सोनी पांचम ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के लक्ष्मण के जन्मदिन के उपलक्ष पर हम तीन दिवसी जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। जिसमें प्रथम दिन मरीज को फल वितरण, दूसरे दिन विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन और तीसरे दिन मां बगलामुखी माता नलखेड़ा में विशेष पूजन अर्चना व हवन किया जाएगा। इसअवसर पर व्यापारी महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर वरिष्ठ भाजपा नेता मनोहर लाल भोजवानी ने सभी को संबोधित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी बबलू सुराणा, मनोहर लाल भोजवानी, महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, पार्षद रवि शर्मा, पूर्व नगर उपाध्यक्ष दशरथ मेवाड़ा, तारा कटारिया, नगर मंत्री रूपाली चौरसिया, जुगल किशोर मालवी, पूर्व पार्षद भागवत मेवाड़ा, मंडल अध्यक्ष डॉ महेश मेवाड़ा, युवा नेता प्रकाश कुशवाहा, डॉ विजेंद्र सिंह ठाकुर, सुनील प्रजापति, दीपक मारुति, सोनू सोनी, जितेंद्र कुशवाहा, राजेश घेंघट, सुशील यादव, जीतमल बागवान, धर्मेंद्र मेवाडा, नितेश महाकाल, शुभम सोनी, हरिओम महेश्वरी, रोहित वर्मा, प्रवीण मेवाड़ा, पीयूष राठौड़, गौरव प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# श्रीमद भागवत में गोवर्धन पर्वत की सुनाई कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विगत 20 वर्षों से भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा महोत्सव अलीपुर जगदीश मंदिर से आनंद धाम बुधवारा स्तिथ मौसी के घर पहुचने का सिलसिला सतत जारी है। पंडित गजेंद्र शास्त्री धर्माधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी आनंद धाम बुधवारा पर भगवान जगन्नाथ जी रथयात्रा के साथ अपनी मौसी के घर आनन्द धाम पधारे हैं। भगवान के पधारने पर संगीत मय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजित किया गया है । आज कथा के पांचवे दिन कथा व्यास पंडित कन्हैयालाल शर्मा ने बताया कि भगवान कृष्ण के जन्म के बाद पुतना का वध किया। यशोदा मैया के साथ शरारते,कृष्ण की माखनचोरी, गोवर्धन पर्वत को उंगली पर उठाना,कालिया नाग का मर्दन करना,कंस के आमंत्रण पर कृष्ण का मथुरा गमन आदि का विस्तार से वर्णन किया गया ।आनन्द धाम पर भागवत जी 28 जून से 4 जुलाई तक दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक हो रही है। पंडित भवानी शंकर शर्मा ने सभी भागवत प्रेमियों,भक्तगणों से अपील की है कि आप सभी भक्तगण सापरिवार सादर आमंत्रित है। पंचम दिन भागवत कथा में कालू भट्ट पूर्व पार्षद, रवि शर्मा पार्षद, अंजनी विशाल चौरसिया पार्षद निलेश शर्मा एडवोकेट, प्रेम नारायण शर्मा, हरिनारायण शर्मा, संजीव दीक्षित, मनोज सोनी, अशोक सोनी, जगदीश पाटीदार, बृजमोहन सोनी, पं० किशोर तिवारी, आनंद शर्मा, अनुराग शर्मा, दीपक सेन, क्षमा शर्मा, गोपाल ताम्रकार, प्रीति कमलेश ताम्रकार, सरकार परिवार, राधेश्याम नायक, राधा महेंद्र शर्मा उमेश ताम्रकार,रमा गजेंद्र शर्मा, शिव श्रीवादी, ज्ञान सिंह ठाकुर, पंडित भवानी शंकर शर्मा, उमा चंद्रशेखर शर्मा,चंचु ताम्रकार, मेघा मुन मुन, गोपाल सोनी, देव शर्मा, बृजमोहन सोनी, दीपेश गोतम, पं. किशोर तिवारी, चद्रेश ज्ञानेंद्र मुदगल हेमराज कुशवाहा सनातन शर्मा गायत्री माता मनीषा मेवाड़ा सहित सभी महिला मंडल एवं सभी भक्तगणों द्वारा कथा का श्रवण किया गया ।

# डॉक्टर-डे तो हर रोज होता है आज के समय में भगवान का दूसरा रूप डॉक्टर है: विजयलक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



डॉक्टर्स डे के अवसर पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा आष्टा द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन कर नगर के प्रतिष्ठित डॉक्टर्स का सम्मान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात सम्मेलन की प्रार्थना के साथ आयोजन का औपचारिक आरंभ हुआ। इस विशेष अवसर पर शहर के जाने-माने चिकित्सक डॉ. अतुल उपाध्याय, डॉ. कुणाल राय, डॉ. गोपाल सिंह ठाकुर, डॉ. मीना सिंगी, डॉ. कैलाश शर्मा और डॉ. आरपी श्रीवास्तव का शॉल, माला और शील्ड भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य सलाहकार विजयलक्ष्मी गणेश उपाध्याय ने अपने भावपूर्ण उद्बोधन में कहा, डॉक्टर्स डे केवल एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन, हर पल, हर क्षण डॉक्टरों के योगदान को नमन करने का अवसर है। वे मानवता के सच्चे रक्षक हैं। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की सक्रिय सदस्य विजयलक्ष्मी गणेश उपाध्याय, रानी सोनी, नीलम सोनी, उषा तिवारी, उर्मिला राजीव गुप्ता, सरोज खंडेलवाल, स्मिता मुंद्डा, सुनीता ऐलजपुरिया, मीना श्रीवास्तव, रितु सोनी, बिना पुरोहित, नम्रता मुंद्डा, वैशाली खंडेलवाल, ममता वर्मा की गरिमामय उपस्थिति रही। अंत में विजयलक्ष्मी उपाध्याय ने सभी डॉक्टर्स और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। यह आयोजन समाज में चिकित्सकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना को और अधिक प्रगाढ़ करने वाला रहा।

#### नेमिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महामहोत्सव मनाया, स्वर्ण कलश से किया अभिषेक

# जीवन के बाद भी किए धर्म का पुण्य मिलता है: निर्णय सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

तस्वीर पूज्यनीय नहीं,रागी के पास जाते हैं और वीतरागी के पास भी वीतरागी को माने,रागी को नहीं।जीवन के साथ भी और जीवन के बाद भी किया गए धर्म का पुण्य अवश्य मिलता है। सुख मिला नहीं और दुःख दूर हुआ नहीं।क्या जीवन है, कभी भी मौत हो जाती है, प्लेन क्रेश होने पर अनेकों की मौत हो गई। शरीर में आत्मा होती है , वहीं परमात्मा बनती है।नेमि नाथ भगवान ने चुनाव नहीं लड़ा, पुरुषार्थ कर मोक्ष फल प्राप्त किया।नेमिनाथ भगवान भी मनुष्य थे,नेमि नाथ भगवान के श्री कृष्ण भाई थे। राजनीति में कोई सगा नहीं होता है।

नेमि कुमार की शादी के दौरान एक हाल से जानवरों की चित्कार सुनाई दी, उन्होंने देखा हजारों जानवर बंधें थे, नेमि कुमार ने पूछा यह जानवर क्यों बंधें है,बताया कि मांसाहारी बारातियों के लिए। उन्होंने शादी करें बिना ही तत्काल दीक्षा ले ली। उक्त बातें नगर के नेमि नगर स्थित श्री नेमिनाथ जिनालय में श्री नेमिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक महामहोत्सव के अवसर पर संत शिरोमणि आचार्यश्री विद्यासागर मुनिराज एवं नवाचार्य समय सागर मुनिराज के शिष्य पाठशाला प्रेरक मुनिश्री निर्णय सागर मुनिराज ने आशीष वचन देते हुए कही। मुनिश्री निर्णय सागर मुनिराज ने कहां भगवान का हम सभी मोक्ष कल्याणक मना रहे हैं। 3 जुलाई से अष्टांहिका लग रही है।अगला जन्म मनुष्य भव में मिले या न मिले, धर्म आराधना करते रहे।पत्थर की शिला को तराश कर भगवान बनाया है शिल्पकार ने। राजा ने खजाना खोल दिया,लोभ छोड़ कर शिल्पकार ने बाहुबली भगवान की प्रतिमा तैयार कर दी।अपनी विशुद्धि बढ़ाई माता- पिता ने उसके बाद नेमिनाथ भगवान प्रकट हुए। आपने संयम की महिमा बताई।नेमि कुमार महामुनि बनकर चार धातियां का नाश कर आत्म कल्याण कर लिया।ध्यान लगाकर आज के ही दिन गिरनार पर्वत से मोक्ष चले गए। सभी से तीर्थों की रक्षा करने का आग्रह किया।22 वें तीर्थंकर मूलनायक श्री नेमिनाथ भगवान जी के मोक्ष कल्याणक महामहोत्सव पर श्री नेमिनाथ जिनालय नेमिनगर में स्वर्ण कलशों से प्रथम अभिषेक के लाभार्थी दिलीप कुमार हितेश पंकज कुमार जैन जावर वाले एवं रमेश कुमार रितेश जैन कोठरी वाले रहे।



शांति धारा मुनिश्री निर्णय सागर मुनिराज ने की, जिसके लाभार्थी मुकेश कुमार अशोक कुमार जैन, मनीष पोरवाल जीतमल जैन पोरवाल रहे। मुनिश्री निर्णय सागर मुनिराज के पाग प्रक्षालन का सौभाग्य मंदिर के पुजारी महिपाल जैन सामरदा वाले ने प्राप्त किया। वहीं शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य पारस कुमार जैन, निर्वाण लाडू के लाभार्थी राजेंद्र कुमार नयन कुमार जैन वर्धमान एवं मूलचंद महेंद्र कुमार जैन जादूगर परिवार रहे। नगर के सभी दिगंबर जिनालयों में भगवान के अभिषेक शांति धारा कर भगवान को मोक्ष फल निर्वाण लाडू चढ़ाया। सभी को प्रभावन वितरीत की गई। नगर के सभी दिगंबर जिनालयों में नेमिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक महामहोत्सव पर अभिषेक, शांतिधाराकर मोक्ष फल निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।

# सेवानिवृत शिक्षक दिलीप मेवाड़ा का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शासकीय माध्यमिक शाला शोभाखेड़ी में उच्च श्रेणी शिक्षक दिलीप सिंह मेवाड़ा के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीआरसी अजब सिंह राजपूत रहे।

अध्यक्षता सरपंच जितेंद्र सिंह ठाकुर ने की। विशेष अतिथि के रूप में विजेंद्र सिंह पटेल, कृपाल सिंह ठाकुर और जनशिक्षक एलम सिंह परमार मौजूद रहे। समारोह की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, विशेष अतिथियों और संस्था की तरफ से दिलीप सिंह मेवाड़ा को शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यालय परिवार और ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे।

### फसल बीमा सप्ताह का शुभारंभ कर दी सलाह

**विदिशा।** 1 से 7 जुलाई तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत विकासखंड नटेरन में कृषि विभाग द्वारा फसल बीमा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। जिसमें किसानों को फसल बीमा योजना संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में तहसीलदार आनंद जैन एवं प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ओपी तिवारी समन्वयक शुभम मीणा, जितेंद्र यादव, सत्यम नेमा, रजत जैन, क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी अभिषेक जैन, राघवेंद्र अहिरवार, राज रघुवंशी, संगम रघुवंशी, तुलसा एवं विकासखंड तकनीकि प्रबंधक नरेंद्र रघुवंशी, अनिकेत रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने सिंचाई परियोजनाओं के अधिकारियों, कंपनी के प्रतिनिधियों के संग की बैठक

# माइक्रो इरीगेशन में बेहतर कार्य करने वाली पंचायतें होंगी पुरस्कृत

### 10-10 हजार रुपए राशि के सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मोहनपुरा कुंडालिया जैसी परियोजनाओं से खेतों की सिंचाई के लिए पानी के सदुपयोग हेतु जिले में माइक्रो इरीगेशन को बढ़ावा दिया जाएगा। किसानों को माइक्रो इरीगेशन पद्धतियां अपनाने के लिए जागरुक किया जाएगा, साथ ही उनको माइक्रो इरीगेशन अपनाने से होने वाले फायदों का अर्थशास्त्र समझाया जाएगा।

बुधवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कृषि, उद्यानिकी, मोहनपुरा एवं कुंडालिया सिंचाई परियोजनाओं के अधिकारियों एवं माइक्रो इरीगेशन के क्षेत्र में कार्य कर रही निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर जिले में माइक्रो इरीगेशन बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान उन्होंने स्प्रिंकलर सिंचाई, मिनी स्प्रिंकलर जैसी माइक्रो सिंचाई प्रणालियों में हितग्राहियों को मिलने वाले अनुदान की भी जानकारी ली। साथ ही पिछले 5 सालों में इन परियोजनाओं के लिए मिले लक्ष्य एवं लाभान्वित हिग्राहियों की स्थिति पर भी विश्लेषण किया।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में माइक्रो इरीगेशन के तहत बेहतर कार्य होगा उन्हें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः 1 लाख, 50 हजार एवं 25 हजार रूपये की राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही 10-10 हजार रुपये राशि के सांत्वना पुरूस्कार भी दिए जाएंगे।

#### सिंचाई उपकरण तोड़ने वालों पर होगी एफआईआर

बैठक में मोहनपुरा कुंडालिया सिंचाई परियोजनाओं के सिंचाई उपकरण तोड़ने वाले किसानों पर कार्रवाई करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। उन्होंने कहा कि जो लोग उपकरण में तोड़-फोड़ कर रहे हैं, उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाए। जिस किसान के खेत में उपकरण की तोड़-फोड़ होती है, उसे भी नुकसान पहुंचाने का जिम्मेदार माना जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे किसानों पर



तोड़-फोड़ की वसूली उनके खसरों में दर्ज की जाएगी।

#### उद्यानिकी को बढ़ावा देने पर भी चर्चा

बैठक में कलेक्टर ने जिले में केला, स्ट्राबेरी, अमरूद, पपीता इत्यादि की खेती को बढ़ावा देने हेतु कार्य करने के निर्देश भी अधिकारियों को प्रदान किए। इसके अलावा अदरक, हल्दी एवं आलू की पैदावार की संभावनाओं पर भी अध्ययन करने के लिए कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए।

## संस्कार एकेडमी के बच्चों ने रेलवे की कार्य प्रणाली को जाना



**पचोर।** आज संस्कार एकेडमी, पचोर की कक्षा एलकेजी, यूकेजी के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण का आनंद लिया। इस अवसर पर कुल 6 शिक्षकगण और प्री-प्राइमरी विभाग के सुश्री रियांश गोयल के नेतृत्व में बच्चों को भ्रमण पर ले जाया गया। इस मौके पर शिक्षिका प्रियंका सक्सेना, प्रियंका उपाध्याय, अनुभा श्रीवास्तव, सपना चैहान, शिक्षक कुलदीप शर्मा उपस्थित रहे बच्चों ने इस भ्रमण में न केवल आनंद लिया, बल्कि कई नई जानकारियाँ भी प्राप्त कीं। शिक्षकों ने विभिन्न स्थलों पर जाकर बच्चों को सरल और रोचक तरीके से जानकारी दी, जिससे बच्चों की जिज्ञासा और सीखने की इच्छा में वृद्धि हुई। इस मौके पर स्टेशन मास्टर जसराम मीणा ने भी बच्चों को रेल्वे से जुडी रोचक जानकारियां बच्चौं से साझा की! भ्रमण का आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु किया जाता है।

### एनएच-52 पर भोजपुर थानाक्षेत्र के तहत हुआ हादसा

## भोपाल से अजमेर जा रही बस खड़े ट्रक से भिड़ी, 6 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-52 पर मंगलवार देर रात्रि एक यात्री बस खड़े ट्रक से जा टकराई। दुर्घटना में बस में सवार 6-7 लोग घायल हुए हैं। दुर्घटना के बाद सभी घायलों को खिलचीपुर अस्पताल पहुंचाया गया जहां से प्राथमिक उपचार उपरान्त गंभीर रूप से घायल 2 लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार भोपाल से अजमेर जा रही यात्री बस क्रमांक एमपी-09 एफए-7216 मंगलवार रात्रि करीब 10 बजे दृश्यता कम होने के चलते हाईवे पर साइड में खड़े हुए ट्रक से जा टकराई। ट्रक चालक के अनुसार बस के वाइपर खराब हो गए थे और बारिश होने के चलते ट्रक नजर नहीं आ पाने के चलते यह हादसा हो गया। दुर्घटना में बस में सवार ब्यावरा निवासी वीरेंद्र कुमार, बस कंडक्टर भगवान सिंह, बबलू तंवर, रमेश वर्मा, विक्रम तंवर और मांगीबाई घायल हुए हैं। इनमें से वीरेंद्र और भगवान सिंह की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला चिकित्सालय भिजवाया गया।



**सूचना पर रात्रि में ही खिलचीपुर पहुंचे एसपी-** यात्री बस के साथ हुए इस हादसे की जानकारी लगने के बाद पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी खिलचीपुर पहुंचे और घायलों का हाल-चाल जाना। मामले में भोजपुर पुलिस ने बस चालक शाहरुख को हिरासत में लेकर आगामी कार्यवाही की है।

### फिटनेस, बीमा, परमिट को भी किया गया चेक

## आरटीओ की टीम ने जांचे स्कूल और यात्री बसों के दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले में सड़क हादसों में कमी लाने सहित सुरक्षित यात्रा के उद्धेश्य से परिवहन विभाग ने चेकिंग अभियान चलाया हुआ है। इसी कड़ी में बुधवार को पचोर एवं तलेन क्षेत्र की कईं स्कूल एवं यात्री बसों को चेक करते हुए उनके बीमा, परमिट, फिटनेस सहित अन्य दस्तावेजों की जांच-पड़ताल की गई। आरटीओ ज्ञानेंद्र वैश्य के नेतृत्व में हुई इस कार्यवाही के दौरान तलेन क्षेत्र के सरस्वति स्कूल, संस्कार पब्लिक स्कूल, एसबीएस पब्लिक स्कूल एवं मास्टर माइंड स्कूल पहुंचकर संचालकों को निर्देशित किया गया किवे अपनी संस्था की बसों की समस्त दस्तावेज पूर्ण करते हुए निर्धारित गाईड लाईन अनुसार ही बसों को चलाएं। तलेन-शुजालपुर मार्ग पर मास्टर माइंड स्कूल तलेन की एक बस बिना वैध परमिट एवं फिटनेस के चलती पाई जाने पर उसे जब्त कर थाने में खड़ा करवाया गया। परिवहन कार्यालय की टीम द्वारा की गई इस कार्यवाही एवं चेकिंग के दौरान राजदेव शर्मा, प्रेमनारायण कुरैचया सहित अन्य शामिल थे। विभाग ने सभी स्कूलों के प्राचार्यों से अपील की है कि वे अपनी बसों के दस्तावेज पूर्ण करवाने के उपरान्त ही उन्हें सड़क पर उतारें। चैकिंग के दौरान किसी




भी तरह की कमी पाए जाने पर विभाग के नियमानुसार चालानी सहित अन्य कार्यवाही की जाएगी।

### मौके पर नहीं मिला नक्शा एस्टीमेट

## आमगढ़ा बेराज पर जांच करने पहुंचे अधिकारी

**सारंगपुर।** जल संसाधन विभाग की और से निर्मित बेराज निर्माण में घटिया सामग्री से शीर्षक समाचार प्रकाशित होने के बाद कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा मामला संज्ञान में लिया और आमगढ़ा निर्माण कार्य की गुणवत्ता परखने के लिए टिम भेजी, जिसमें लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री दीपक कुमार,एसडीओ आरईएस कृपाल पोरवाल के साथ आमगढ़ा बेराज निर्माण कार्य देखने पहुंचे एवं निर्माण कार्य निर्माण सामग्री का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारी मौके पर उपस्थित निर्माण एजेंसी के कर्मचारी तथा ठेकेदार के कर्मचारियों से सवाल जवाब कर वापस चले गये। लेकिन प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि जांच करने आए अधिकारी को मौके पर निर्माण कार्य का नक्शा या तकनीकी प्रतिवेदन नहीं मिला न



ही बालू रेत दिखाई दी तथा अधिकारियों ने बालू से संबंधित सवाल किया तो ठेकेदार के कर्मचारियों ने कहा कि जो कार्य कर रहे हैं वह एस्टीमेट अनुसार ही हैं। फिर अधिकारी ने सवाल किया कि आपके इंजीनियर कहा हैं बिना इंजीनियर की उपस्थिति में कार्य कैसे कर रहे हो तो ठेकेदार के आदमी ने बोला के इंजीनियर के बताए अनुसार ही कार्य कर रहे हैं। मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि कार्य निम्न स्तर का है जांच अधिकारियों ने कहा कि आपने अवलोकन किया है वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराएंगे।

### जिला पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने कलेक्टर को सौंपा पत्र

## पंपों की जांच स्वागत योग्य, इसमें तकनीकी तथ्यों का भी रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

रतलाम जिले में मुख्यमंत्री के काफिले में शामिल दो दर्जन से अधिक वाहनों में पानी मिश्रित पेट्रोल भरे जाने की घटना के बाद संपूर्ण मप्र में पेट्रोल पंपों की जांच शुरू हुई है। इसी कड़ी में मंगलवार को प्रशासन एवं खाद्य विभाग की टीम ने मुख्यालय स्थित रामेश्वर कृपा फिलिंग सेंटर पर कार्यवाही की थी जहां स्टोरेज टैंक में पानी होने की बात सामने आई थी।

जिले के पेट्रोल पंपों की उक्त जांच को जिला पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने स्वागत योग्य बताया है लेकिन, जांच के दौरान तकनीकी पहलुओं एवं तथ्यों को भी ध्यान रखने का आगृह प्रशासन से किया है। इस संबंध में एसोसिएशन के एक प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार दोपहर कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा से भेंट करते हुए उन्हें एक पत्र सौंपकर कुछ




बातों से अवगत कराया। पत्र में उल्लेख है कि टैंक के पानी की जांच नोजल यानिकी डिलीवरी से होनी चाहिए क्योंकि सभी ऑयल कंपनियां मानती हैं कि टैंक में प्रत्येक वर्ष कुछ न कुछ पानी आ ही जाता है जिसे पंप संचालक अपनी पंजी में भी दर्ज करते हैं।

**उपभोक्ताओं को नहीं हो सकती क्षति-** पत्र में यह भी उल्लेख है कि टैंक में डिस्पेंसिंग यूनिट तल से 350 मिलीमीटर ऊपर होती है, ऐसे में लगभग नीचे वाला 2700 लीटर माल नहीं निकल सकता। इसके साथ ही भारत सरकार ने भूमिगत स्टोरेज टैंक की सफाई से जनहानि रोकने के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित लगाया हुआ है ऐसे में 100 मिलीमीटर डिप तक टैंक में पानी हो सकता है जिससे उपभोक्ताओं को क्षति नहीं हो सकती। एसोसिएशन ने जांच के दौरान पहलुओं पर भी ध्यान देने का उल्लेख अपने पत्र में किया है। इएसोसिएशन के बृजभूषण बागड़ी, दिनेश पुरोहित आदि मौजूद थे।

### हिंदू उत्सव समिति के आह्वान पर पहुंच रहे श्रद्धालु

## सनातन धर्म ध्वजा को लेकर मंदिरों में हो रही आरती



**सारंगपुर ।** सनातन संस्कृति को लेकर सर्व हिन्दू समाज में जन जागरण अभियान जारी है। लोग अपने अपने मोहल्लों में स्थापित मंदिरों में पूजा आरती करते थे। लेकिन उनकी उपस्थिति धीरे धीरे कम होती चली गई कारण दैनिक जीवन की व्यवस्था एवं संगठन की अरुचि से मंदिरों में श्रद्धालु कम होने लगे थे। हिन्दू उत्सव ने नगर के सभी मोहल्लों से सभी समाज के वरिष्ठ एवं समाज सेवी लोगों को समिति में जोड़ा गया और सभी मंदिरों में प्रति शनिवार मंगलवार अमावस्या पूर्णिमा को मंदिर दर्शन एवं आरती करने का निर्णय लिया गया । इस निर्णय से हिंदू समाज में जन चेतना जागी और लगातार मंदिरों में आरती करने का क्रम जारी किया मंगलवार को नगर के कतिया समाज के पूर्वजों द्वारा स्थापित 800 वर्ष पुराने मंदिर गौगेश्वर धाम के नाम से जाना जाता हैं। उक्त मंदिर जामा मस्जिद के समीप स्थित है पास महादेव का मंदिर भी है इसमें प्रतिष्ठित हैं रामदरबार भोलानाथ एवं मां शीतला का मंदिर आस्था का केंद्र है। कतिया समाज के अध्यक्ष रामसिंह चंदेल ने बताया कि हिन्दू उत्सव समिति व अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला की मंदिरों में सामूहिक आरती की परम्परा प्रशंसनीय हैं।

### धर्मशाला में जिले भर से पेंशनर्स हुए शामिल

## जिला पेंशनर सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर के हिंगलाज वाटिका भावसार धर्मशाला में जिला पेंशनर्स सम्मेलन का आयोजन किया गया।सम्मेलन में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त शिक्षक एवं शिक्षिकाऐ अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के उद्देश्य के मुताबिक पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा की और उनके समाधान हेतु प्रस्ताव पारित।इस अवसर पर पेंशनर संघ के पदाधिकारियों ने पेंशनर्स के हितों की रक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी,अध्यक्षता जिला पेंशनर संघ अध्यक्ष दिनेशचंद्र नागर ,विशेष अतिथि नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन




कुशवाह , बीरम सिंह चैहान, सुरेश चंद गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, प्रबंधक एसबीआई जीवन आसमानी , प्रबंधक बीईओ राजकुमार धाकड़ ,आर एन कुशवाहा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर सम्मेलन का श्री गणेश किया। कार्यक्रम का संचालन मोहनलाल पुष्पद ने करते हुए स्वागत भाषण एवं सम्मेलन की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस सम्मेलन का उद्देश्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों के दीर्घकालीन सेवाओं के प्रति सम्मान प्रकट करना है। समारोह में विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स को दुपट्टा बैंग एवं मोती माला भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे पेंशनर्स के अनुभवों और उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सेवा समाज के लिए प्रेरणा है। यह कार्यक्रम समाज में वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सशक्त करता है। इस दौरान पेंशनरों के लिए तीन हजार रुपए मासिक चिकित्सा भत्ता देने की मांग कि जिस पर विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि उक्त जो भी आपकी मांगे हैं उनका समर्थन करते हुए शासन स्तर से मांगे पूरी करवाने का पूरा प्रयास करूंगा। इस अवसर पर नए पुराने समस्त अतिथि पेंशनरों को सम्मानित किया , तथा महिला मोर्चा के अध्यक्ष पद पर सेवानिवृत्त ज्योत्सना दांगी को मनोनीत किया गया।

## महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह के द्वितीय दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सारंगपुर ।** मध्य प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों में नए शैक्षिक सत्र 2025-26 के प्रथम तीन दिवस दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर में द्वितीय दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ममता खोईया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल शिक्षा एवं उच्च शिक्षा में कुछ अंतर होता है उस अंतर को हमें पाटना है और अपनी शिक्षा को बेहतर करते हुए उज्जवल भविष्य का निर्माण करना है। शिक्षा वह साधन होता है जिसके द्वारा हम अपना सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। इसलिए हमें शिक्षा के महत्व को समझना है और हमें बेहतर शिक्षा प्राप्त करना है। महाविद्यालय प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ मो.वसीम शेख ने छात्र संगठनों से विद्यार्थियों को अवगत कराया तथा उन्होंने कहा कि छात्र संगठन छात्र -छात्राओ के हित में कार्य करते हैं उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करते हैं हमारे महाविद्यालय में छात्र संगठन अनुशासित हैं एवं हमेशा सेवा भाव से विद्यार्थियों का सहयोग करते हैं। साथ ही उन्होंने एनएसयूआई तथा एबीवीपी के पदाधिकारी से छात्र-छात्राओं का परिचय करवाया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने गिरते हुए पानी में लगाए हेमंत खंडेलवाल जिंदाबाद के नारे

# प्रदेशाध्यक्ष की निर्विरोध ताजपोशी पर कार्यकर्ताओं ने मनाया संगठन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

मध्य प्रदेश बीजेपी में संभवत ये पहली बार होगा कि जो नाम प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष पद के लिए बीते 6 महीने से सुर्खियों में बना हुआ था उसी नाम पर मुहर लगी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बैतूल से विधायक हेमंत खंडेलवाल का नामांकन भराया । इस मौके पर मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चैहान मौजूद रहे । नवनिर्वाचित अध्यक्ष मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी हेमंत खंडेलवाल के नाम पर प्रदेश के सभी नेताओ ने भी अपना समर्थन किया और आज भारतीय जनता पार्टी चुनाव पर्यवेक्षक धर्मेंद्र प्रधान के द्वारा उनको प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यालय में जोरदार उनका स्वागत किया गया ।

### पीपल चैराहे पर कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी लगाए जिंदाबाद के नारे



प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद ही पूरे मध्यप्रदेश के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक मंडल पर संगठन के निर्देश अनुसार कार्यकर्ताओं ने अपने नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के बनने पर संगठन उत्सव कार्यकर्ताओं में बड़ी धूमधाम से ढोल धमाकों के साथ मनाया। पीपल चैराहे पर भारतीय जनता पार्टी मंडल ब्यावरा के अध्यक्ष राजू यादव के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने हाथों में भारतीय जनता पार्टी के झंडे लेकर मिठाइयां बताकर ढोल नगाड़ों पर तिरक्कर अपने लाडले प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत अभिनंदन किया गिरते हुए पानी में भी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता रुक नहीं अपनी खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद हेमंत खंडेलवाल जिंदाबाद के नारे गिरते हुए पानी में भी कार्यकर्ताओं ने लगाई इस दौरान इस संगठन उत्सव में भारतीय जनता पार्टी के जिले के महामंत्री पंडित अमित शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल पार्टी के कोषाध्यक्ष के तौर पर जिम्मेदारी निभाई है।

### खंडेलवाल को प्रदेश अध्यक्ष व टेटवाल को राष्ट्रीय परिषद सदस्य बनने पर बधाई दी

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय पर आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

**सारंगपुर।** भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा मध्य प्रदेश भाजपा में बैतूल के विधायक हेमंत खंडेलवाल को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने तथा मध्य प्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल को



राष्ट्रीय परिषद का सदस्य बनाए जाने पर भाजपा सारंगपुर मंडल के नेतृत्व में बुधवार को अस्पताल रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा,राजेंद्र सर्वावत महामंत्री कमल राठौर, राहुल पुष्पद,कमलेश टेटवाल,पार्षद कुलदीप राठौर,योगेश माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दिव्यांग को मिली व्हीलचेयर के साथ ही यूडीआईडी कार्ड

**गुना।** गुना जिले के मधुसूदनगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम करेला निवासी घनश्याम मीना द्वारा 02 जुलाई को कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनकी पुत्री शालू मीना 90 प्रतिशत अस्थिबाधित एवं मानसिक रूप से दिव्यांग है। उसकी दिव्यांगता प्रमाण पत्र का नवीनीकरण होना है, साथ ही आवागमन के लिए व्हीलचेयर एवं यूडीआईडी (UDID) कार्ड की आवश्यकता भी है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आवेदन पर संज्ञान लेते हुए उपसंचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अब्दुल गफ्फार को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। प्राप्त निर्देशों पर सामाजिक न्याय विभाग द्वारा शालू मीना को जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र गुना से व्हीलचेयर प्रदान की गई। साथ ही उसका दिव्यांगता प्रमाण पत्र नवीनीकृत कर ऑनलाईन यूडीआईडी (UDID) कार्ड जनरेट कर उपलब्ध कराया गया।